दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 293 मुरादाबाद 19 February 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## मैं सबसे स्वीट आतंकवादी, PM मोदी को भी लगता है डर; कुमार विश्वास के दावे पर बोले केजरीवाल



कुमार विश्वास की टिप्पणी के बाद से खुद पर हो रहे हमलों का जवाब अरविंद केजरीवाल ने अपने ही अंदाज में दिया है। उन्होंने कहा कि मुझ पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह एक बड़ी कॉमेडी है। अरविंद केजरीवाल ने खुद को दुनिया का सबसे स्वीट आतंकवादी बताया, जो जनता के लिए अस्पताल बनवाने, सड़कों का निर्माण कराने जैसे काम करता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, शायद मैं दुनिया का सबसे स्वीट आतंकी हूं, जिसने अस्पताल बनवाए और लोगों के पीने के पानी, सड़कों आदि पर काम किए। सबसे पहले राहुल गांधी ने मेरे ऊपर ये आरोप लगाए और फिर प्रधानमंत्री ने भी वही भाषा मेरे खिलाफ इस्तेमाल की।

### मोदी पर कसा तंज, PM भी करने लगे हैं राहुल गांधी जैसी बात

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग कहते थे कि राहुल गांधी की बात पर कोई विश्वास नहीं करता है, लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी भी उनके जैसी बात करेंगे, यह सोचा नहीं था। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये सारे लोग इकट्ठे हो गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी, प्रियंका गांधी, कैप्टन अमरिंदर सिंह, चन्नी और सिद्धू सब मेरे खिलाफ एकजुट हैं। ये लोग कह रहे हैं कि 10 सालों से अरविंद केजरीवाल कह रहा है कि हम देश के दो टुकड़े करेंगे और उनमें से एक का प्रधानमंत्री मैं बन जाऊंगा। यह क्या है, यह तो एक कॉमेडी है। इसका मतलब तो मैं बहुत बड़ा आतंकी हो गया। फिर इनकी सुरक्षा एजेंसियां कर रही थीं। तीन सालों से तो पंजाब में कांग्रेस है और 7 साल से केंद्र सरकार में भाजपा है।दिल्ली के सीएम ने कहा कि दिल्ली पुलिस से मेरे घर और दफ्तर तक पर रेड डलवाई गई और उन्हें कुछ नहीं मिला। लेकिन 7 साल बाद एक कवि ने एक कविता सुनाई और तब सबको पता लगा कि देश में एक इतना बड़ा आतंकवादी पल रहा है। देश में आखिर यह चल क्या रहा है। क्या इस तरह से देश की सुरक्षा को डील क्या जाता है। मैं समझता हूं कि आतंकवादी दो तरह के होते हैं, जो जनता में खौफ फैलाते हैं। एक आतंकवादी वह होता है, जो भ्रष्टाचारियों में खौफ फैलाते हैं। इन लोगों को मुझसे खौफ है तो मैं इन लोगों के लिए आतंकवादी हूं।

## करहल सीट से अपनी जमानत खो देंगे अखिलेश यादव; सीएम योगी बोले-चुनाव मैदान से बाहर जा रहे सपा के कमांडर

तीसरे चरण की वोटिंग से पहले भाजपा के लिए प्रचार करने पहुंचे सीएम योगी ने कानपुर में फिर एक बार सपा को घेरा। सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अखिलेश यादव इस चुनाव में मैनपुरी के करहल से अपनी जमानत खो देंगे। कानपुर में जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, यूपी चुनाव की इस लड़ाई में बीजेपी पहले ही जीत चुकी है क्योंकि समाजवादी पार्टी के कमांडर खुद चुनाव मैदान से बाहर जा रहे हैं। सीएम योगी ने इस दौरान भाजपा सरकार के कामों की खूबियां भी गिनाईं। यही नहीं सीएम योगी ने राम मंदिर निर्माण को भी भाजपा की एक उपलब्धि बताई। उन्होंने कहा, राम लला की मूर्ति को अगले साल के अंत तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जिससे भारत में राम राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। कोरोना काल में यूपी और केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कामों की सराहना करते हुए सीएम योगी ने कहा, यूपी द्वारा दुनिया के सामने स्थापित किए गए COVID प्रबंधन मॉडल की व्यापक रूप से सराहना की जा रही है। COVID महामारी के दौरान, डबल इंजन सरकार ने वैक्सीन की दोहरी खुराक के साथ-साथ राशन की दोहरी




खुराक दी। कानपुर में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला करते हुए आतंकवादी के परिवार के साथ रिश्ता बताया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट में फांसी की सजा पाने वाले आजमगढ़ के आतंकवादी के पिता और परिवार का सपा के साथ रिश्ता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''मैं थोड़ी देर पहले अहमदाबाद के कोर्ट के फैसले को बढ़ रहा था। अहमदाबाद में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, उसमें कई लोग मारे गए थे। उस ब्लास्ट के लिए जो आतंकवादी जिम्मेदार थे, उनमें आजमगढ़ का भी एक आतंकवादी था। इससे भी गंभीर बात है कि उस आतंकवादी को अदालत ने फांसी की सजा दी है। सीएम योगी ने आगे कहा, ''उस आतंकवादी के पिता का संबंध, उसके पिता का संबंध समाजवादी पार्टी से है। अब अनुमान कर सकते हैं कि आपको आतकंवादियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाले, आतंकवादियों के हित चिंतक या उनके प्रति सर्वस्व न्योछावर करने वाली पार्टी को जिताना है, या आपकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन दिलाने वाली पार्टी को, यही आह्वान मैं करने आया हूं।

### 2008 में हुआ था हमला, 38 दोषियों को फांसी

गुजरात के अहमदाबाद शहर में 26 जुलाई 2008 को हुए आतंकी हमले में एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को इसके 49 दोषियों में से 38 को फांसी और शेष 11 को उम्रकैद ( मरने तक जेल में रहने ) की सजा सुनाई। विशेष जज ए आर पटेल की अदालत ने गत 8 फरवरी को इस मामले के कुल 79 में 49 आरोपियों को दोषी करार दिया था और अन्य 28 को बरी कर दिया था। एक अन्य की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। सिविल अस्पताल और एलजी अस्पताल समेत 23 भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर उस दिन शाम साढ़े 6 बजे से पौने 8 बजे के बीच धमाके हुए थे, जिनमे 56 लोगों की मौत हुई थी और 240 लोग घायल हुए थे। इसके बाद उसी साल 28 से 31 जुलाई के बीच सूरत शहर से 29 वैसे ही बम बरामद हुए थे जैसे अहमदाबाद के धमाकों में इस्तेमाल किए गए थे।

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस: 38 दोषियों को स्पेशल कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा, 11 को उम्रकैद

अहमदाबाद सीरियम बम ब्लास्ट केस में विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने 49 दोषियों में से 38 को फांसी की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने 11 अन्य दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने इन लोगों को पहले ही दोषी करार दे दिया था और आज इन लोगों की सजा का ऐलान होना था। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद में हुए 21 सीरियल ब्लास्ट ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इन धमाकों की गूंज से हर कोई स्तब्ध था। सरकारी अधिवक्ता अमित पटेल ने




बताया कि स्पेशल जज एआर पटेल ने 49 में से 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई है। इसके अलावा 11 शेष दोषियों को उम्रकैद की सजा दी गई है। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन ने ली थी। आतंकियों का कहना था कि हमने 2002 में हुए गुजरात दंगों का बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में कुल 77 लोग आरोपी थे, जिनमें से 28 को अदालत ने बरी कर दिया था और बाकी 49 लोगों को दोषी करार दिया था। 14 सालों तक चले मामले के बाद यह सजा सुनाई गई है। बता दें कि अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट से सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई थी। वहीं बचाव पक्ष ने कम से कम सजा की अपील कोर्ट की थी। हालांकि अदालत ने 38 लोगों को फांसी की सजा सुनाई। इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। अहमदाबाद विस्फोट मामले में सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एआर पटेल ने 8 फरवरी को फैसला सुनाते हुए 49 आरोपियों को दोषी करार दिया था। अदालत ने 77 में से 28 आरोपियों को बरी कर दिया था। आपको बता दें कि साल 2008 में अहमदाबाद में सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। इस घटना में 56 लोगों की मौत हुई थी, साथ ही 200 लोग घायल हो गए थे।

**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


## अधिवक्ता वा उनके परिजनों के जुल्मों से परेशान महिलाओ ने पुलिस महानिरीक्षक चितकूट धाम मंडल से लगाई न्याय की गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा- शशि प्रभा त्रिपाठी पत्नी स्वर्गीय रवि करन त्रिपाठी निवासी अलीगंज रामलीला मैदान बांदा ने आई जी चित्रकूट धाम मंडल बांदा कार्यालय पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया है कि मेरे ही रिश्ते के जेठ जो अधिवक्ता भी है। मेरा मकान हड़पने की नियत से आए दिन फर्जी गांजा लगवा कर जेल भिजवाने वा पारिवारिक महिलाओ के ऊपर फर्जी अन्य कई मुकदमे लगवा कर मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। जिसकी सूचना कई बार पुलिस को दी मगर आज तक कोई सुनवाई ना होने आज पीड़ित महिलाओं ने आई जी से लगाई गुहार। आई जी साहब ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कारवाई का भरोसा दिया।

## प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्ट्रांगरूम/ई0वी0एम0 वी0वी0पैट कन्ट्रोलरूम का लिया जायजा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्ट्रांगरूम/ई0वी0एम0 वी0वी0पैट कन्ट्रोलरूम का लिया जायजा। श्रावस्ती,विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सामान्य विधानसभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती सिद्धार्थ मिश्रा आई0ए0एस0, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रांगरूम/ई0वी0एम0 वी0वी0पैट कन्ट्रोलरूम का जायजा लिया। उन्होने स्ट्रांगरूम में रखे ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीनों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांगरूम में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीनों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिया कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। तदोपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान में उपयोग होने वाली सामग्री की पैकेटिंग की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, रिटर्निंग आफिसर/उपजिलाधिकारी 289-भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी आशुतोष सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

WWW.KNSLLIVE.COM


## दो बाईकों की आमने सामने की भिड़ंत में दो राजमिस्त्री हुए घायल



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जनपद के तिंदवारी थाना अंतर्गत जमुआ के मजरा मर्का के पास में दो बाईकों की आमने सामने की भिड़ंत में ग्राम पंचायत माटा निवासी पवन वा रामदत्त राजमिस्त्री का कार्य करने जमुआ ग्राम जा रहे थे।तभी रास्ते में सामने से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो जाने से दोनो घायल हो सड़क किनारे गिर जाने पर राहगीरों ने दोनो घायलों को सी एच सी में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# पुरुष वर्ग में धर्मेंद्र वर्मा व महिला वर्ग में अंशु मौर्य ने मारी बाजी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती के तत्वाधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना एवं उपजिलाधिकारी मोहित ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में विकास खण्ड गिलौला, हरिहरपुरानी व इकौना के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवाओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने वहीं पर उपस्थिति सभी छात्र-छात्राओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील किया तथा मतदान हेतु शपथ दिलाई। सभी अतिथि ने सभी युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया कि 1500 मीटर दौड़ (पुरुष) में प्रथम स्थान धर्मेंद्र वर्मा, दूसरा स्थान इंदर बहादुर यादव, तीसरा स्थान सुरेश यादव ने प्राप्त किया। 800 मीटर रेस (पुरुष) में प्रथम स्थान धर्मेंद्र वर्मा द्वितीय स्थान सुरेश कुमार तृतीय स्थान अरविंद यादव ने प्राप्त किया। 400 मीटर (पुरुष) में प्रथम स्थान मुकेश द्वितीय स्थान रविन्द कुमार तृतीय स्थान राजकुमार ने प्राप्त किया। 200 मीटर (पुरुष) में प्रथम स्थान विवेक राणा द्वितीय स्थान रविन्द्र कुमार तृतीय स्थान मोहम्मद आलम ने प्राप्त किया। 100 उमजमत (पुरुष) में प्रथम स्थान चमन वर्मा द्वितीय स्थान आशीष यादव तृतीय स्थान गऊ गौतम राणा ने प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अंशु मौर्य, दूसरा स्थान रुचि तिवारी, तीसरा स्थान अश्मिता मौर्य ने प्राप्त किया। 800 मीटर में प्रथम स्थान अंशु मौर्य द्वितीय स्थान हेमा शमी तृतीय स्थान रुचि तिवारी ने प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान षणलता पांडे द्वितीय स्थान रुचि तृतीय स्थान सिम्मी ने प्राप्त किया। 200 मीटर में प्रथम स्थान रेणु यादव द्वितीय स्थान गायत्री तृतीय स्थान चंदा देवी ने प्राप्त किया। 100 मीटर में प्रथम स्थान स्वर्णलता पांडे द्वितीय स्थान रेणु यादव तृतीय स्थान सिम्मी ने प्राप्त किया। उन्होने यह भी बताया कि वालीबाल टीम पुष्पेंद्र पाठक कप्तान की टीम (गिलौला) विजेता व रामेश्वरम प्रसाद कप्तान (हरिहरपुरानी) की टीम उपविजेता रही। खो-खो टीम (पुरुष) मोहम्मद आलम कप्तान की टीम (हरिहरपुरानी) विजेता और हरिकृष्ण कप्तान टीम (गिलौला) उपविजेता रही। खो-खो टीम (महिला) हेमा शर्मा कप्तान टीम (हरिहरपुरानी) विजेता रही। सभी विजेताओ को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संचालन का कार्य नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वेद प्रकाश, श्रवण कुमार एवं यूथ क्लब के अध्यक्ष रामेश्वरम प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन सिंह, जिला दिव्यांग अधिकारी चमन सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविन्द स्वरुप कुशवाहा, जिला क्रीडाधिकारी शिव कुमार यादव,युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्र, मोहम्मद मुस्लिम एवं कोच जगसेर सैनी मौजुद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान हेतु दिलायी शपथ



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत राज विभाग के द्वारा विकासखंड हरिहरपुररानी स्थित राप्ती बैराज के प्रांगण में 10001 दीपों के साथ मतदाता जागरूकता से संबंधित दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पंचायत सचिव पंचायत सहायक एवं स्वच्छता कर्मियों के द्वारा 10001 द्वीप प्रज्वलित किए गए कार्यक्रम में निकटतम ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग लगभग 8000 लोग और भी शामिल हुए जिन्हें मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 27 फरवरी 2022 को जनपद में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु किया जा रहा है। आज 10001 दीपक प्रज्वलित करके आसपास के गांव के लगभग 20 से 25 हजार लोगों तक यह संदेश पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है कि उनका मतदान विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक इंद्रपाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों के मतदाताओं तक मतदान किए जाने के संबंध में जानकारी पहुंचेगी जिससे जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान ने अवगत कराया कि आने वाले दिनों में बेसिक शिक्षा के समस्त विद्यालयों में रैली निकालकर, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाएगा इस हेतु अध्यापकों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में दिनांक 17 फरवरी को जनता इंटर कॉलेज पटना खरगौरा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है एवं कार्यक्रम के माध्यम से हजारों मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस बात की शपथ ली कि प्रत्येक दीपक के साथ कम से कम 200 लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें मतदान की तिथि 27 फरवरी 2022 के दिन बूथ पर लाकर उनके मत का प्रयोग कराएंगे। दीपोत्सव कार्यक्रम कार्यक्रम में राजकुमार त्रिपाठी, हरगेन्द्र वर्मा, अजीत उपाध्याय सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद में डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार की मौत, आगजनी हाईवे किया जाम



मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा तहसील के गांव रतूपुरा में डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार ऋषि पाल की मौत हो गई। हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजन शव की हालत देखकर आक्रोशित हो गए। इस दौरान गुस्साए लोगों ने दूसरे समुदाय के डंपर में आग लगा दी। इसके साथ ही हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रही एक बाइक में भी भीड़ ने आग लगा दी। हाईवे पर आगजनी और जाम की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच चुकी है। आक्रोशित लोग डंपर चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं एसपी देहात विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि आक्रोशित लोगों को समझा कर जाम खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है घटनास्थल पर चार थानों की फोर्स मौजूद है.

## वाट्सएप प्रोफाइल पर इंस्पेक्टर की फोटो लगाकर चिकित्सक से रंगदारी वसूली

मुरादाबाद-पाकबड़ा- व्हाट्सएप प्रोफाइल पर इंस्पेक्टर की फोटो लगाकर युवक ने तीन चिकित्सकों से हजारों रुपए की रंगदारी वसूल ली। पीड़ित चिकित्सकों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमरोहा जनपद के थाना डिडौली थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव निवासी मुबारक अली ने अपने व्हाट्सएप नंबर पर पाकबड़ा थाने के अपराध निरीक्षक जयभगवान सिंह का फोटो लगा रखा था। आरोप है कि वह तीन साथियों के साथ चिकित्सकों के पास पहुंचा। पहले पाकबड़ा के ख्वाजा कालोनी स्थित क्राउन अस्पताल पहुंचे और वहां मौजूद चिकित्सक को हड़काने के साथ ही पैसे की मांग कर दी। इस दौरान आरोपितों ने व्हाट्सएप पर इंस्पेक्टर की प्रोफाइल फोटो दिखाकर खुद को भाई बताया। चिकित्सक ने डर की वजह से पांच हजार रुपये दे दिये। उसके बाद बकैनिया गांव में डा. कुलदीप के क्लीनिक पर पहुंचे। वहां पर भी इसी तरह इंस्पेक्टर की फोटो दिखाकर 25 हजार रुपये वसूले। इसके अलावा सम्भल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गुमसानी गांव निवासी गुलाम वारिस के क्लीनिक पर गाड़ी में हूटर बजाते हुए आरोपी पहुंच गया। इसके बाद उसे हड़का कर पाकबड़ा बुलाया। इसके बाद गुलाम वारिस को धमकाकर उसने ने पांच हजार रुपये वसूल लिए। पीड़ित डाक्टरों ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। जिसके बाद मामले की जांच के आदेश एसएसपी बबलू कुमार ने दिए थे। पुलिस की जांच में पीड़ित तीनों चिकित्सकों ने इंस्पेक्टर की फोटो दिखाकर वसूली का आरोप लगाया। इस मामले में पीड़ित ने डाक्टरों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद भीड़ ने लगाई डंपर में आग,भीड़ को क़ाबू करने के लिए पुलिस को करनी पड़ी हवाई फायरिंग

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा में डम्पर और ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने डंपर में आग लगा दी,ख़बर यह भी है कि इस दौरान भीड़ को समझाने पहुँचे बीडीसी सदस्य को भी भीड़ के गुस्से का शिकार होना पड़ा,आरोप है कि हंगामे के दौरान लोगो ने बीडीसी सदस्य के साथ भी मारपीट की तथा उसकी बाईक को भी आग के हवाले कर दिया।सूचना पाकर मौके पर पंहुची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह फ़ायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया। फिलहाल मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया है शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी ऋषिकांत उर्फ नन्हे पुत्र महेंद्र सिंह पाल अपने ट्रैक्टर ट्राली से अपने खेत से गन्ना भरने जा रहा था। इसी बीच ठाकुरद्वारा की दिशा से तेज़ गति से आ रहे एक डम्पर ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। बताया गया है कि ट्रैक्टर पर सवार ऋषिकांत इस टक्कर से सड़क पर गिर गया और डम्पर ने उसे रौंद डाला जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उधर डम्पर का चालक डम्पर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया । दुर्घटना गांव के निकट हुई थी इसलिए तुरन्त ही मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई और गुस्साई भीड़ ने आरोप लगाया कि डम्पर चालक ने जानबूझ कर घटना को अंजाम दिया है घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने डम्पर को आग के हवाले कर दिया। इसी बीच दुर्घटना की सूचना पर रतुपुरा निवासी और बीडीसी सदस्य सफदर अली पुत्र जमालुद्दीन भी दुर्घटना स्थल पर पंहुच गया जंहा भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उसपर भी जान लेवा हमला कर दिया और उसकी बाइक को भी आग लगा दी। इस दौरान ग़नीमत रही कि मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे भीड़ से बचा लिया। ये भी बताया जा रहा है कि भीड़ के हाथों से बीडीसी सदस्य को बचाने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। फिलहाल भारी संख्या में मौके पर पुलिस बल के साथ ही उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी पहुँचे और स्थिति पर बमुश्किल से भीड़ पर काबू किया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## सड़कों पर खुले पड़े मैनहॉल दे रहे हादसों को न्योता

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - जलकल विभाग का लापरवाह रवैया राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहा है। स्मार्ट सिटी का मखौल उड़ा रहे सड़कों पर खुले मैनहॉल मुसीबत बने हुए हैं। आए दिन वाहन चालक इनकी चपेट में आकर चोटिल हो रहें हैं। रेलवे रोड पर अप्सरा तिराहे पर मैनहॉल माह से खुला पड़ा है। विभागीय अफसरों से इतना न हो सका कि यहाँ जाल तक लगवा दें। सराय हकीम, सेंटरपॉइंट, रामघाट रोड और शहर के अन्य मार्गों पर भी यही स्थिति है। कई मार्गों पर मैनहॉल के ढक्कन धंसे हुए हैं। ये भी ठीक नहीं कराए जा सके। रात के समय वाहन चालकों को अंदाजा नहीं हो पाता और मैनहॉल की चपेट में आ जाते हैं जिससे छोटे-बड़े हादसे होते रहते है।

## आवास विकास के नए बिजलीघर से कालोनियों को मिलेगी भरपूर बिजली

मुरादाबाद-जिले में विधानसभा चुनाव निपटते ही बिजली विभाग ने रूके कामों को कराना शुरू करा दिया है। आवास विकास के ओवरलोड बिजलीघर का लोड कम करने को आवास विकास ने बुद्धि विहार फेज टू में डेढ़ करोड़ की लागत से नया बिजलीघर तैयार किया, इसको बिजली विभाग को हस्तांतरित भी कर दिया। पुराने बिजलीघर से जुड़ीनई कालोनियों को अब इस नए बिजलीघर से जोड़ा जाएगा,जिससे नई कालोनियों को अच्छी बिजली मिलने लगेगी। जल्द ही इस बिजलीघर में स्टाफ की तैनाती हो जाएगी। आवास विकास ने बुद्धि विहार योजना में एक्सटेंशन तो बहुत कर लिए लेकिन बिजलीघर एक ही बना,आए दिन ओवरलोड के चलते बिजली आपूर्ति में आ रही परेशानी के चलते आवास विकास ने बुद्धिविहार फेज टू के सेक्टर 10 में नया बिजलीघर तैयार कराया। इस बिजली घर में कुछ कमियां थी जिसको पूरा कराने के बाद आवास विकास ने इसे बिजली विभाग को सौंप दिया है। इस बिजलीघर के लिए एमडी आफिस से स्टाफ की तैनाती की मंजूरी मांगी गई। वहां से सोलह स्टाफ की मंजूरी मिल गई। एक्सईएन प्रथम प्रमोद गोगनिया ने बताया कि अब नए बिजलीघर पर स्टाफ तैनात होते ही पुराने बिजलीघर से जुड़ी नई कालोनियों के फीडर यहां से जुड़वाए जाएंगे,जिससे दोनों बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिना बाधा के बढ़िया बिजली मिलने लगेगी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यलिय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
Title Code : UPBIL05086
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial


# Court Initiative

It may not be right to say right now that the Haryana government has got the desired wishes. The only thing is that the Supreme Court has removed the stay which was put by the High Court on the state law of 75 percent reservation to the local people in the industries and businesses of the state. On February 3, when the Punjab and Haryana High Court had given the stay order, the very next day the state government had approached the Supreme Court seeking removal of the stay.Now that wish of the Haryana government has been fulfilled, but in the decision given by the Supreme Court, the court, understanding the seriousness of the matter, did not limit itself to the removal of the adjournment. The court has said that we are not considering the merits of the matter yet, and we suggest that the High Court decide on it in four weeks. The parties concerned have been asked not to try to hang the matter.The court has also asked the state government not to harass the employers regarding this law. The biggest objection of the industrialists against the law was that it would lead to the return of the Inspector Raj, which has been troubling them for a long time.

This law of Haryana has been in dispute for a long time.Dushyant Chautala's Jannayak Janata Party had promised to give 75 percent reservation to local people in private industry. This party is currently an important component of the ruling coalition, which took the initiative to enact this law after the formation of the government. This law was passed in November last year and has come into force only from January 15 this year. Ever since the bill of this law was introduced in the assembly, private sector companies and their organizations have been opposing it.Regional parties have often been making election promises to enact such laws. They find such populist promises more useful than generating employment opportunities. Efforts have also been made to implement such laws in many places. In 1995, the Gujarat government had tried to make a similar law. In the manifesto of Shiv Sena of Maharashtra, there has been talk of giving priority to Marathi Manus in employment.And there have also been efforts to make such a law. At present, when Goa assembly elections are going on, a party has made a similar promise there too. Private industries have always been opposed to such measures, one because they want complete freedom in the recruitment of their employees and then, in the matter of recruitment, they generally give importance to efficiency rather than locality.Though the matter is still in the High Court, but the stand of the Supreme Court seems to be in favor of early disposal of it. It would be good to try to settle this matter finally, so that the states and regional parties also know their boundaries.And it should also be clear to the industries under which conditions they have to work. There is a need for such a decision, which can become an example for all.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Sunny Leone worried about the fitting of clothes, said- 'This is the problem with Indian dress'



Pictures and videos of Sunny Leone are enough to increase the heartbeat of her fans. She is also very active on social media. Now Sunny has shared a video in which she is seen getting ready but in the meantime she also gets upset with her dress. Sunny says this is the problem with Indian traditional outfits. His dress does not fit, after which the people of his team prepare him and the dress is seen stitching with needle and thread.Sunny is standing in front of the mirror. Her dress is loose in many places. The person making the video says, 'What is happening?' Sunny says, 'I don't know, the problem is that it is smaller than one place, from another place... then hit at one place, then hit at another place, Such is the case with Indian dress. Taka and Pin... Taka and Pin... and look there are 4 people. Who did the related with the caption?-Sharing the video, Sunny wrote in the caption – 'Taka Taka Pin Pin, and who else is able to relate to it.'Cheated Victim - Sunny Leone recently became a victim of fraud on the loan app. Sunny made serious allegations on Dhani App. He claimed that using his PAN, someone took a loan of 2000 from that app. This has made a difference in his CIBIL score. Sunny himself gave this information by tweeting. Although the company resolved his problem, Sunny deleted that tweet.

# Tamarind will expose Malini's black deeds, plan will fail again?



These days high voltage drama is going on in the story of Imli, one of the popular TV shows. The war between Tamarind (Sumbul Touqeer Khan) and Malini (Mayuri Deshmukh) is not taking its name to end. Malini is becoming more and more ferocious with each of her new moves. He has planned to take away Tamarind and Aditya forever.He has also joined hands with Aryan Singh Rathore (Fahmaan Khan) to carry out his nefarious intentions. Meanwhile, the makers have released Imli Latest Promo. According to the new promo, Tamarind is soon going to reveal Malini's black deeds, but is her plan going to fail this time too?What will be Malini's next move? - In the promo that surfaced, Tamarind announces that she is going to expose Malini. For this, she is calling the people of the neighborhood to her. Just then Malini comes to the balcony of her house and challenges Tamarind that she will never be able to reveal her black deeds. On this, Tamarind is saying that this time she will bring Malini's face in front of everyone.Malini is challenging Tamarind with full confidence and in such a situation, the question arises that what is her next planning going to be? Is Aditya going to sabotage all Tamarind's plans by helping Malini? Or is there another big twist coming in the story?TRP of tamarind has fallen - In the TRP list of 6th week of the year 2022, the rating of tamarind has been seen falling. Sumbul Tauqeer Khan starrer This serial has always made its presence felt in the top 3 position of TRP. This week this serial has fallen straight to the fourth position. Tamarind is now seen filling water in front of many shows like Anupama and Yeh Rishta Kya Kehlata Hai. In such a situation, it has to be seen that the new track of Tamarind will not be able to help in increasing the rating.

# भाजपा विधायक के खिलाफ टेंट व्यापारी धरने पर बैठा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- क्षेत्रीय विधायक ममतेश शाक्य के खिलाफ धरने पर बैठा आरोप है कि 2017 के चुनाव में टेण्ट लगवाया था उसका 80000? अभी तक नहीं दिया गया मांगने पर तरह तरह की जानलेवा धमकियां दी जाती हैं गंजडुंडवारा के गोपाल टेण्ट हाउस का पूरा परिवार कासगंज जनपद के गंजडुंडवारा में एक टेंट व्यापारी अपने ही घर के सामने परिवार के साथ मौजूदा विधायक ब विधानसभा पटियाली से भाजपा के प्रत्याशी ममतेश शाक्य के खिलाफ धरने पर बैठ गया है। धरने पर बैठे व्यापारी का आरोप है की 2017 के चुनाव में ममतेश शाक्य ने राजनाथ सिंह की रैली कराई थी जिसमे व्यापारी ने टेंट लगाया था जिसका ठेका साढ़े तीन लाख में तय किया गया था लेकिन विधायक ने उसे उसका पूरा पैसा नही दिया जिसके चलते बो धरने पर बैठा है। गंजडुंडवारा के सर्राफा बाजार का रहने वाला है टेंट व्यापारी गोपाल अग्रवाल का कहना है की विधायक भाजपा के प्रत्याशी ममतेश शाक्य ने 2017 में राजनाथ सिंह की रैली कराई जिसमे उसने टेंट लगाया था। उसका विधायक ममतेश शाक्य पर 80 हजार रुपया बकाया है और विधायक ममतेश शाक्य से जब बो पैसा मांगने जाता है तो विधायक उसका पैसा ना देकर उससे बुरा भला कहते है।

# सदर सीट पर प्रचण्ड प्रचार कर झोंकी ताकत – जाम के झाम में उलझा रहा शहर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आगामी 20 फरवरी को तीसरे चरण के होने जा रहे विधान सभा चुनाव के मतदान से दो दिन पूर्व एटा सदर विधान सभा सीट से विजय पताका फहराने के लिए भाजपा, सपा, बसपा के कद्दावर उम्मीदवारों ने मुख्यालय पर रैली और रैला के जरिऐ प्रचण्ड प्रचार से अपनी पूरी ताकत का ऐहसास जनमानस को कराने का प्रयास किया है ! आज शुक्रवार को ठन्डी सडक के ग्रीन गार्डन से प्रारम्भ हुई भाजपा के कद्दावर उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक की जनसम्पर्क रैली ने पिछले विधान सभा चुनाव के आखिरी दिन निकाली गयी जनसंपर्क रैली का स्वंय ऐतिहासिक रिकार्ड ध्वस्त कर जनता जनार्दन को यह ऐहसास कराने का पुरजोर प्रयास किया कि वह जनता जनार्दन के जनविश्वास के चलते पुन्ः विजय का मार्ग प्रशस्त करेंगे तो वहीं सपा के कद्दावर उम्मीदवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिहं यादव ने भी पिछले चुनाव में निकाली अपनी जनसंपर्क महारैली के ऐतिहासिक रिकार्ड को तोडते हुऐ जनता जनार्दन से विजय वरण का आशीर्वाद मांगा !इधर बसपा उम्मीदवार पूर्व विधायक अजय यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा भी बसपाईयों व अपने सैकड़ों समर्थकों के जरिए शहर के विभिन्न मार्गो पर जनसंपर्क रैली के जरिऐ सदर सीट पर हो रहे चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति का सन्देश जनता जनार्दन को देकर बसपा के चुनाव चिन्ह हाथी पर बटन दबाने का अनुरोध किया ! भाजपा के कद्दावर उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक के समर्थन में निकली जनसंपर्क महारैली का कुशल नेतृत्व महिला शक्ति स्वरूपा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता डेविड द्वारा आगे महिलाओं की भीड श्रृखंला में किया जा रहा था तो मध्य में डेविड के बडे भाई पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा एवं पीछे शशिकांत वर्मा बबलू कर रहे थे ! भाजपा के कद्दावर उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक के पक्ष में निकली जनसंपर्क महारैली में ग्रामीण अचंल व शहर के अधिकांश समर्थक मतदाता नजर आऐ तो वहीं सपा के उम्मीदवार जुगेन्द्र सिहं यादव के साथ भी अदतन बैसी ही स्थिति नजर आ रही थी ! आज चुनाव के आखिरी दिन सदर सीट से चुनावी दगंल में उतरे महारथियों के जनसम्पर्क रैली एवं रैला के चलते शहर पूर्णरूपेण जाम के झाम में उलझा रहा ! हांलाकि इसके बाद भी कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक डी एन मिश्रा अपने दल बल के साथ जाम के झाम से आम जनमानस को राहत दिलाने का दायित्व निर्वहन करते रहे ! अब देखना तो ये ज़रूरी है कि सभी उम्मीदवारों ने जो ताकत आज प्रचण्ड प्रचार के जरिऐ झोंकी है उसका आगामी 20 फरवरी को होने वाले मतदान पर कितना प्रभाव पड़ता है !

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## प्रत्याशी विपिन वर्मा उर्फ डेविड ने रोड शो किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भाजपा 104 विधान सभा प्रत्याशी विपिन वर्मा उर्फ डेविड ने रोड शो किया।और शहर में शाक्तिप्रर्दशनकरते समय एक टोली में श्रीमती प्रेमलता पत्नी विपिन वर्मा , दुसरी टोली में पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा , तिसरी टोली में बबलू वर्मा एवं आखिरी टोली में सदर विधायक एवं प्रत्याशी विपिन वर्मा साथ मे गंजेन्द्रसिंह चौहान एवं हजारो की संख्या में कार्यकर्ता और समार्थक मौजूद रहे।

## चैकिंग के दौरान गौवंश को कराया गया मुक्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनजंय सिंह कुशवाहा क्षेत्राधिकारी सकीट श्री विक्रांत द्विवेदी के निर्देशन में विधान सभा चुनाव 2022 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना सकीट पुलिस द्वारा दिनांक 18.02.2022 को 32 गौवंश से भरे कंटेनर को पकड़कर बरामद 32 गौवंश को मधुपुरा थाना मलावन गौशाला एटा के सुपुर्द किया गया। संबंधित प्रकरण में कंटेनर के अज्ञात चालक सहित दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध थाना सकीट पर मु0अ0सं0 18/2022 धारा 3/8 गौवध अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# किसान नेता राजू आर्य हुऐ साइकिल पर सवार ,चारों सीटों पर सपा का परचम लहराने का लिया संकल्प

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- भारतीय किसान यूनियन उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड एवं हरियाणा के प्रभारी युवा क्रान्तिकारी किसान नेता आज शुक्रवार को विधान सभा क्षेत्र मारहरा से सपा के कद्दावर उम्मीदवार अमित गौरव यादव टीटू पूर्व विधायक की पहल के चलते साइकिल पर सवार हो लिऐ ! अपने पीएसी मारहरा रोड स्थिति आवास पर किसान नेता राजू आर्य ने अपने सैकड़ों समर्थको के साथ पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू का भव्यतम माल्यार्पण कर अभिनंदन करते हुऐ कहा कि जनमानस भाजपा की नीतियों से त्रस्त है तथा आम नागरिक महंगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार से पीडित है ! राजू आर्य ने कहा कि उनका अनुमान है कि मारहरा विधान सभा सीट से चुनाव लड रहे पूर्व विधायक सपा के कद्दावर उम्मीदवार अमित गौरव यादव टीटू भाजपा के प्रत्याशी वीरेन्द्र सिहं लोधी को पचास हजार से अधिक मतो से पछाड खिलाऐंगे ! इसी के साथ राजू आर्य ने जिले की चारों विधान सभा सीटों पर सपा के उम्मीदवारों को ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प लिया ! ज्ञातव्य हो कि राजू आर्य वर्ष 2017 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में क्षेत्र पंचायत सदस्य विजयी होने के बाद ब्लॉक प्रमुख पद के लिए हुऐ चुनाव में सपा के उम्मीदवार को कडी टक्कर देकर चर्चा मे आऐ थे तथा दो बार ब्लॉक प्रमुख मारहरा के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाकर बडे बडे राजनितिज्ञों की आंख की किरकिरी बन गऐ थे! परिणाम स्वरूप उन पर विरोधियों ने शार्प शूटरों से प्राणघातक हमले ही नहीं करवाऐ बल्कि पुलिस प्रशासन पर दबाब डलवाकर कई फर्जी मुकदमें में फंसाया परन्तु प्रभु श्री कृष्णा में अगाध आस्था के चलते आर्य समाजी राजू आर्य का कोई बाल बांका न कर सका ! राजू आर्य के आज शुक्रवार को साइकिल पर सवार होते ही उनके समर्थक रघुराज यादव प्रधान, उमेश यादव फौजी ,श्रषभ कश्यप, विकास यादव, मनोज कुमार, विनय यादव, मनोज कश्यप, हरीश लोधी, अजय राजौरिया, अजीत यादव, हरीश कुमार, धनंजय सिंह यादव, नैतिक कुमार, शीलेन्द्र कुमार, सतेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, संदीप यादव, संजय यादव, निमेष यादव, प्रीतोष यादव, नीरज यादव, शिवसिहं यादव, सचिन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे

# राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अभिनव पहल अभियान – अनुतोष

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा अभियान ''अनुतोष'' प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पेंशन एवं जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के पीड़ित पक्षकारों को त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री सिद्धार्थ अग्रवाल ने जानकारी दी है कि अभियान ''अनुतोष'' के अंतर्गत जिन भी जरूरतमंद व्यक्तियों को पेंशन संबंधित परेशानी है अथवा जनोपयोगी सेवाएं अर्थात् परिवहन सेवा जिसमें यात्री एवं माल की ढुलाई हवाई, सड़क एवं जलमार्ग किया जाये, डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा, किसी संस्था के द्वारा जनता को बिजली, प्रकाश या पानी की आपूर्ति, सार्वजनिक संरक्षण या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय में सेवा, बीमा सेवा, बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवा, किसी भी प्रतिष्ठान के द्वारा जनता को ईंधन की आपूर्ति, शिक्षा एवं शिक्षण संस्थान एवं आवास एवं अचल संपत्ति सेवाएं से संबंधित कोई भी परेशानी है तो वे इस संबंध में अपना आवेदन सीधे छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन, बिलासपुर में अपने सम्पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत कर सकते है। इस हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्तर पर हेल्प डेस्क के रूप में विशेष व्यवस्था की गई है, जहां से प्रस्तुत आवेदनों पर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही कर पीड़ित पक्षकारों को त्वरित राहत दिलाये जाने बाबत् आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अवगत हो कि पीड़िता तर्शिला मिंज, जो शहीद की बेवा है, जो पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त करने के लिए परेशान थी, इसी प्रकार सुदूर वनांचल सरईबहार में पहाड़ी कोरवा परिवार की दो बच्चियां विगत 15 वर्षो से जमीन पर पड़ी रहती है वो न तो बोल पाती है और न ही चल पाती हैं। उक्त गांव में पीने के पानी तक की सुविधा नहीं है, हैण्ड पम्प पिछले 05 वर्षो से बिगड़ा पड़ा हुआ है। उक्त दोनों के संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संज्ञान में लिया जाकर उन्हें समुचित सहायता प्रदान करने की कार्यवाही की गई है।

# आरबीसी 6-4 के तहत् 3 पीड़ित परिवार के लिए 9 लाख 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कार्यालय कलेक्टर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा-दुर्घटनाओं के लिए 3 पीड़ित परिवारों को 9 लाख 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसमें तहसील सूरजपुर के ग्राम कन्दरई निवासी मृतिका कदमकुंवर पति देवनारायण जाति बिंझिया की मृत्यु कुआं के पानी में डूबने के कारण पति देवनारायण आ. बन्नूराम पुत्र शिवबालक व पुत्री सासेन कुमारी को, व तहसील भैयाथान के ग्राम चुनगड़ी निवासी मृतिका कलेसरी बाई पति लालसाय सिंह जाति गोंड की मृत्यु कुआं के पानी में डूबने के कारण से भाई तपेसर राम आ. साहेबा को 4-4 लाख एवं तहसील ओड़गी के ग्राम ओड़गी निवासी मृतक देवदत्त आ. सुखई जाति पण्डो की मृत्यु मिट्टी खदान में दबने से दम घुटने के कारण से पिता सुखई पण्डो आ. किशुन पण्डो को, 1 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है। यह राशि आबंटन की प्रत्याशा में मांग संख्या 58 शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में आबंटन की प्रत्याशा में विकलनीय होगा।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया हिजाब का विरोध




शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - भाजयुमो जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हिजाब का जमकर विरोध किया। सेंटर प्वाइंट स्थित टीकाराम मंदिर पर जुटे भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। इसके बाद तिरंगा झंडा लिए यह कार्यकर्ता एएमयू कैंपस की ओर रवाना हो गए। लेकिन पुलिस प्रशासन ने इन्हें एसबीआइ मुख्य ब्रांच के तिराहे पर ही रोक लिया। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने बुर्का में आग लगाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने बुर्का छीनकर प्रयास असफल कर दिए। जिलाध्यक्ष ने शिक्षण संस्थाओं में हिजाब या फिर अन्य कोई धार्मिक परिधान पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसीएम को सौंपा है।


# मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना में कसावट लाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना से ग्रामीणजनों को इसका भरपुर लाभ मिले इस उद्देश्य को लेकर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. आरएस सिंह ने विकासखण्ड रामानुजनगर में संचालित हो रहे मुख्यमंत्री हाज बाजार क्लिनिक योजना में कसावट लाने हेतु ग्राम देवनगर एवं सेंदरी के हाट बाजार में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाट बाजार में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी द्वारा संचालित क्लिनिक के दवाईयों एवं जाँच सुविधा के बारे में जायजा लिया साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया की जो भी मरीज हाट बाजार में आते हैं, उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ग्राम सेंदरी के हाट बाजार में आयुष क्वाथ का वितरण भी किये। इसके पश्चात् उप स्वास्थ्य केन्द्र पटना का निरीक्षण किया गया, जिसमें प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर वहाँ के प्रभारी को ओ.पी.डी. की संख्या एवं संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

# बिना टेंडर व कुटेशन के लगी लाइट, मिला फर्जीवाड़ा



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - अकराबाद ब्लाक की दूभिया पंचायत में एलईडी स्ट्रीट लाइटों के फर्जीवाड़े के मामले सामने आया है। प्रधान व सचिव का आरोप है कि ग्राम पंचायत में बिना टेंडर ही एक ठेकेदार ने एलईडी लगा दी हैं। लेकिन जैसे ही लाइटों का काम पूरा हुआ तो फिर ठेकेदार ने भुगतान की मांग शुरू कर दी। इस पर प्रधान व सचिव ने भुगतान के लिए हाथ खड़े कर दिए। शासन से टेंडर व कुटेशन के आधार पर ही लाइट खरीदने के निर्देश हैं। ऐसे में जब इन लाइटों का कोई टेंडर ही नहीं हुआ तो ग्राम निधि से भुगतान संभव नहीं है। इस पर अब जांच के आदेश हो गए हैं। एडीओ पंचायत व जेई को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 15 दिन में इन्हें जाँच रिपोर्ट देनी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# एकलव्य विद्यालय शिवप्रसादनगर से 2 विद्यार्थियों का चयन एमबीबीएस में हुआ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर के दो छात्र शेष कुमार आत्मज शिव कुमार ग्राम पण्डीपारा व सत्यनारायण आत्मज हरकेश्वर सिंह ग्राम भंवरखोह का भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में चयनित हुआ है, जिसमें शेष कुमार ने 385 अंक व सत्यनारायण ने 386 अंक प्राप्त किया है, इस सफलता के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के विश्वनाथ रेड्डी ने बधाई व उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि दोनों ही छात्र ग्रामीण अंचल के होने के साथ ही सामान्य परिवार से आते हैं। छात्रों ने अपनी इस उपलब्धता के लिए अपने माता-पिता सहित एकलव्य विद्यालय शिवप्रसादनगर के शिक्षकों को श्रेय दिया है जिनसे सदैव उचित मार्गदर्शन मिला। दोनों छात्रों के चयन से उनके माता पिता गुरुजनों सहित परिचितों में हर्ष व्याप्त है।